Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 03-02-2022 अंक 132

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार दो लोग घायल, रेफर

**अपेम लाइवः बरही**

धनबाद रोड बरही जैन पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक में सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में 30 वर्षीय अनिल यादव पिता किशुन यादव एवं 45 वर्षीय चन्ना देवी पति किशुन यादव बेला बरही निवासी शामिल है। दोनों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती किया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को हजारीबाग सदर अस्प्ताल रेफर कर दिया गया।

### आज का पंचांङ्ग –

आज का अंग्रेजी दिनांकः-04.02.2022
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शकेः---1943
सौम्यायन याम्यगोलः
ऋतुः---शिशिर
माहः---माघ
पक्षः---शुक्ल पक्ष
तिथिः---तृतीया तिथि प्रातः 07:11 मिनट तक उपरांत चतुर्थी तिथि
दिनः---शुक्रवार
नक्षत्रः---पू.भा.नक्षत्र
योगः---शिव
करणः---गर
सूर्योदय :---प्रातः 06:32
सूर्यास्त : संध्या 05:28
सूर्य :---मकर राशि में
चंद्रमा :---कुम्भ राशि मे दिन 12:45 मिनट तक उपरांत मीन राशि में
आज का राहूकाल दिनः---10:30 बजे से दिनः---12:00 बजे तक
अभिजीत मुहूर्तः---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोटः---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नहीं करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता हैॠ
आज का पर्व त्यौहार, मुहूर्त व खासः---आज भगवती की आराधना करने से सभी मनोकामना पूर्ण होता है।
नोटः---दिनांक 02-02-2022 से दिनांक 06-02-2022 तक पंचक रहेगा।



**आलेख :---**
**संदीप शर्मा**
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी---माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

# आम बजट पर विश्लेषण : भविष्य के सपने दिखा कर वर्तमान की बलि नही देना कितना उचित

## कोरोना त्रासदी में नौकरी छीनी, रोजगार पर देना चाहिए विशेष ध्यान, मध्यम वर्गीय परिवार को बजट में राहत नही

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / बिरेन्द्र कुमार**



कृष्णा प्रजापति

पिछले दिनों वित्त मंत्री ने संसद में बजट पेश किया और इसे अमृत काल का बजट बताया । सरकार के द्वारा इस बजट को फ्यूचरिस्टिक भी बताया जो आने वाले 25 वर्षो का रोड मैप है। लेकिन सवाल है कि भविष्य के सपने दिखा कर वर्तमान की बलि नही देना कितना उचित है। जबकि कोरोना त्रासदी के बाद देश का मध्यम वर्ग सबसे अधिक त्रस्त है । उनकी नौकरियां छीन चुकी है। आया के स्रोत कम गए हैं।,महंगाई की मार सबसे अधिक इस वर्ग को ही झेलनी पड़ रही है। ,इसी वर्ग के बच्चे बेरोजगार है। प्रतिभाशाली हैं लेकिन नौकरी पाने के लिए सड़कों पर पुलिस से पिट रहे हैं । ,टैक्स भी य,ही मिडिल क्लास ही देता है । ,वेतन भोगी है इनकम छुपा भी नही सकता है । ,इनके लिए कोई टैक्स में छूट नही है। जबकि कारपोरेट क्लास को दिल खोल कर छूट दी गयी है । तर्क यह है कि इससे सप्लाई में इजाफा होगा ।यह तर्क कितना बेतुका है कि डिमांड जो मध्यम वर्ग पैदा करता है । उसकी ख़रीदने की छमता को आप टैक्स भार से कम कर रहे हैं वो कहाँ से अपने क्रय सक्ति का इजाफा करेगा और मार्किट में डिमांड पैदा करेगा। बेरोजगार युवा को छला गया है। कहाँ दो करोड़ नौकरी प्रतिवर्ष देने का वादा था,कहाँ है अब 60 लाख नौकरियां की बात कही गई हैं। क्रिप्टो करेंसी या बिटक०इन जैसे सब्द का सृजन किया गया है। जैसे अर्थव्यवस्था को रसातल से उबारने मे बिटकॉइन अहम भूमिका निभाएगा। भविष्य के सपने दिखा कर वर्तमान की बलि नही दी जा सकती है।ये सपने 2 प्रतिशत अमीरों के हो सकते है 125 करोड़ आम व्यक्तियों के नही।बजट समाज के आम जनता के हितों को देख कर बननी चाहिए न कि कारपोरेट घरानों को केभविष्य के सपनो को पूरा करने के लिए। यदि ऐसी स्थिति रही तो सरकार के खिलाफ मध्यमवर्गीय परिवार का असंतोष पनपेगा। कुल मिलाकर पेश किया गया आम बजट माध्यम वर्गीय परिवार के लिए बिना कोई लाभ का बजट है।

# माइंस माफिया ,दबंगो से परेशान पुरनाडीह के ग्रामीणों ने पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में बनहा मे चल रहे माइंस के खिलाफ थाना का किया घेराव

## झूठा केस वापस लेने एवं अवैध माइंस बंद करने की मांग, आंदोलन जारी रखने का निर्णय

**अपेम लाइव : चँदवारा**
**धीरज कुमार**

चन्दवारा थाना क्षेत्र के पुरनाडीह गाँव के बनहा मे मांइस संचालक दशरथ राणा के द्वारा थाना में झूठा केस कर ग्रामीणों को परेशान करने को लेकर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण थाना पहुँच किया घेराव। ग्रामीणों ने पूरे मामले से मायका अंचल इंस्पेक्टर अवधेश सिंह व थाना प्रभारी रंजीत कुमार को अवगत कराया। गांव की महिलाओं का कहना है कि माइंस के पास लाठी,डंडे व हथियार के साथ लगभग 50 की संख्या में तंबू लगा कर रहते है ओर शाम होते ही फायरिंग करने लगते है गोलियों की तड़तड़ाहट से पूरा गाँव थर्रा जाता है। जिससे हम सभी ग्रामीणों मे दहशत का माहौल बना हुआ है हम सभी डरे सहमे हुए है। हम सभी को जान माल का खतरा बना हुआ है। वही पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने ग्रामीणों के समस्याओ को सुनते हुए कहा कि गाँव से सटे किसी व्यवसायी द्वारा खदान चलाया जा रहा है, माइंस में ब्लास्टिंग से गाँव वालों के छत पे पत्थर चला जाता है पत्थर छत पर गिरने से कई जगह दरार पड जाता है और झोपडी मे बंधे जानवर को काफी नुकसान हो जाता है । लीज से अधिक जमीन पर माइनिंग का काम किया जा रहा है। ग्रामिणों मे डर का माहौल पैदा करने के रात मे 20 गाड़ियों का काफिला से गांव का चक्कर लगाया जाता है उनके द्वारा रात में रुक रुक कर फायरिंग भी किया जाता है। माइंस होल्डर दशरथ राणा के द्वारा रंगदारी व छेड़खानी का झूठा केस कर ग्रामीणों को फसाया जा रहा है। ग्रामीणों के द्वारा विरोध करने पर खदान मालिको के द्वारा अपने बचाव के लिए झूठा मुकदमा कर दिया जाता है। मायका अंचल इंस्पेक्टर अवधेश सिंह ने कहा कि किसी को केस करने नही रोका जा सकता है,ग्रामीणों का कहना है कि ये केस झूठा है। हमलोगो को जानबूझकर फसाया जा रहा है। उन्होंने पूर्व विधायक को आश्वासन दिया कि इस मामले की निष्पक्ष जाँच कर नियम संगत कार्रवाई की जाएगी किसी भी व्यक्ति को झूठा मुकदमा मे नही फंसाया जायेगा। जिला खनन पदाधिकारी को आवेदन देकर मांइस को मापी करा दिया जायेगा जिससे अवैध खनन रुक सके। और विवाद को सुलझाया जा सके। मौके पर प्रमुख लीलावती देवी,प्रवीण कुमार उर्फ बंटी मोदी, युवा नेता रितेश गुप्ता ,युवा नेता कृष्णा यादव, बिंदेश्वर विराट, विरेन्द्र यादव ,राजेश यादव, मनीष यादव, कमलेश यादव,कासिम मिया,उमेश यादव,डेगलाल यादव, दिलीप पंडित, राजेन्द्र पंडित,नरेश पासवान, बासुदेव पंडित,नसीम मियाँ, नरेश पंडित,राज कुमार यादव, अशोक पंडित, बासुदेव पंडित, डेगलाल यादव, डोमन पंडित,भीम यादव,रहिम मियाँ, लखन यादव, सरयू यादव ,प्रसाद्धी यादव, रामचन्द्र यादव ,डोमन पंडित, रहमान मियां, युगल यादव ,रामेश्वर राणा,जानकी यादव,सोवरण राणा,तिलक राणा,अशोक पंडित, मकबूल अंसारी, नसीम मियां ,सहदेव यादव, रामसहाय यादव समेत सैकडों ग्रामिण मौजूद थे।




थाना का घेराव करते पुर्व विधायक व अन्य



थाना प्रभारी से वार्ता करते पुर्व विधायक व अन्य

APEM LIVE NEWS सच का साथी

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## कृषि को उद्योग का दर्जा दिया जाए : धनंजय कुमार

**अपेम लाइवः कटकमसांडी**





कटकमसांडी प्रखंड अंतर्गत हेदलाग प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में प्र उ त आधारित व्यवस्था परिवर्तन विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता समाज के वरिष्ठ राजेंद्र राणा ने किया और मंच संच. ालन प्रगतिशील मगही समाज के केंद्रीय पंच शाखा सचिव देवकी प्रसाद ने किया। प्रगतिशील मगही समाज के 8 सूत्री मांगों पर ग्रामीण जनता के समक्ष अपनी बातों को रखते हुए हजारीबाग जिला सचिव धनंजय कुमार ने कहा कि हमारे समाज में शिक्षा के क्षेत्र में जो विसंगतियां हैं उसको दूर करना होगा इसके लिए सभी के लिए सभी स्तर पर शिक्षा मुफ्त होनी चाहिए। विचार गोष्ठी को आगे बढ़ाते हुए जिला संगठन सचिव मनोज मेहता ने कहा कि हमारा देश किसानों का देश है यहां पर 80% किसान रहते हैं इसलिए इस को सुदृ ढ़ करने के लिए कृषि को उद्योग का दर्जा देना होगा। तभी हमारा देश समृद्ध होगा पूर्व जिला परिषद सदस्य मनीष ठाकुर ने कहा कि सत्ता परिवर्तन शेष समस्या का समाधान नहीं होगा व्यवस्था परिवर्तन जरूरी है। रंगदार खान वार्ड पार्षद ने कहा कि झारखंड की गरीबी दूर करने के लिए व्यवस्था परिवर्तन जरूरी है इस विचार गोष्ठी का आयोजन केंद्रीय संयुक्त सचिव प्रमोद मेहता और वित्त सचिव दिलीप ठाकुर के द्वारा किया गया विचार गोष्ठी में भाग लेने वालो में व जियाउल हक, लल्लन साहू, मनीष ठाकुर, रविंद्र ठाकुर, रामेश्वर राम, लखन प्रसाद कुशवाहा, शंभू कुमार, बैजनाथ वर्मा, लखन कुमार, अखिलेश कुमार, बालेश्वर प्रसाद मेहता, ज्योति रंजन, सुरेश कुमार एवं तापेश्वर कयमर ने भाग लिया।

## खबर का दिखा असर,बिरनी बीडीओ ने लीया संज्ञान

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**

बिरनी प्रखंड अंतर्गत पेशम गांव में बिना टीबीसी कार्य किये। निकल ली थी राशि। जानकारी के मुताबिक बता दे कि इस खबर को अपेम न्यूज़ लाइव ने प्रमुखता से लगाई थी। जिसमें इस पीडीएफ अखबार के माध्यम से बिरनी बीडीओ तक पहुचा और बुधुवार को इस मामले को लेकर बिरनी बीडीओ सुनील कुमार वर्मा पेशम गाव पहुचा और गड़बड़ी कार्य को जाँच करते हुवा।धरातल पर कार्य किये बिना ही टीबीसी योजना के नाम पर मनरेगा से राशि की निक. ासी कर लिए जाने की ग्रामीणों द्वारा की शिकायत की जाँच करने बुधुवार को बिरनी बीडीओ सुनील कुमार वर्मा पेशम गांव पहँचे। इस दौरान पेशम पंचायत के टीबीसी निर्माण में गड़बड़ी का शिकायत की स्थल जाँच की गई।ग्रामीणों का शिकायत था कि बिना टीबीसी निर्माण किये योजना की राशि की निक. ासी कर ली गई है।ग्रामीणों का यह भी कहना था कि पेशम के चौधरी टोला के नारयण चौधरी के नाम पर राशि 53 हजार 550 रुपये,परमेश्वर चौधरी के नाम पर राशि 62 हजार 550 रुपये की निकासी कर लिए गई है।इन दोनों सदस्यों के जमीन पर निर्माण होना था। लेकिन आज तक टीबीसी का कार्य नहीं हुआ।



### बिना TCB खुदे ही कर ली गई लाखों की निकासी

**अपेम लाइव : बिरनी/गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**

बिरनी प्रखंड के पंचायत पेशम में लगातार भ्रष्टाचार का मामला सामने आता रहा है और लगातार ऐसे मामलों पर मुखर होकर समाजसेवी विक्रम आनंद र०य हमेशा से ही संघर्ष करते नजर आए हैं। पेशम में एक और भ्रष्टाचार का बड़ा मामला सामने आया है मामला है बिना ज्व्ठ खोदे ही लाखों के राशि की निक. ासी कर लिए जाने की। बता दें कि पेशम चौधरी टोला के नारायण चौधरी जिनका वर्क कोड 3419003024/IF@17 80901798117 जिसकी राशि 53,550 तथा परमेश्वर चौधरी जिनका वर्क कोड3419003024/प्ध/17 80901798104 जिसकी राशि 624550 है। इन दोनों के जमीन पर ज्व्ठ का निर्माण होना था और बिना कार्य के ही राशि की निकासी कर ली गई है। जबकि जमीन के स्वामी को पता भी नहीं की उनके नाम से उनके जमीन पर ज्व्ठ की खुदाई हुई है। जब जमीन के स्वामी को मामले की जानकारी हुई तो दोनों ने अपने अपने जमीन पर जाकर देखा लेकिन कहीं भी ज्व्ठ का पता नहीं चला। इस संदर्भ में जब रोजगार सेवक से जानकारी ली गई तो उन्होंने पहले तो कहा कि ज्व्ठ का निर्माण हुआ है लेकिन जब मामला ग्रामीणों के बीच पहुँचा तो रोजगार सेवक ने कहा कि उन्हें गुम. राह कर योजना के राशि की निकासी कर ली गई है और ऐसा कहकर गलती स्वीकार की और संवेदकों और इस कार्य मे संलिप्त दोषियों पर कार्यवाई (रिकवरी) करने का ग्रामीणों को भरोसा दिया। दिन गुजर गए जब कोई कार्यवाई नहीं हुई तो दिनांक 17 दिसम्बर 2021 को प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन देकर मामले की जाँच कर दोषियों पर कार्यवाई की माँग की गई परंतु अभी तक कोई भी कार्यवाई नहीं की गई है। समाजसेवी माले युवा नेता विक्रम आनंद र०य आनंद जी ने बताया कि पंचायत में ऐसे अन्य कई मामले हैं जिसमें मुखिया एवं पंचायत पदाधिकारियों की मिलीभगत एवं भ्रष्ट नीतियों को उजागर करता है। प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन देकर मामले को संज्ञान में दिया गया है जिसकी सत्यता की जाँच कर दोषियों पर कार्रवाई में जिस प्रकार विलंभ किया जा रहा वह कई सवाल खड़े करते हैं। अगर जल्द से जल्द कोई कार्यवाई नहीं होती है तो भाकपा माले आंदोलन करने पर विवश होगी।

Work Register Detail

State : JHARKHAND District : GIRIDIH Block : Birni Panchayat : PESHAM
Work Code:3419003024/IF/7080901798104
Work Name :GRAM PESHAM PRAMESHWAR CHOUDHARI KE JAMIN PER TCB NIRMAN

Wage Payment Detail

Material Payment Detail

Skilled/Semiskilled Payment detail

अपेम लाइव न्यूज़ ने खबर प्रमुखता से दिखाई थी।

## विधायक उमाशंकर अकेला के नेतृत्व में बरही के कांग्रेसी प्रतिनिधि मंडल मंत्री आलमगीर आलम से मिला

### 6 सूत्री मांग पत्र सौप की रोड, नाला, गार्डवाल, बहुउद्धेशीय भवन आदि निर्माण की मांग की

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**


6 सूत्री मांग पत्र सौपते विधायक एवं कांग्रेसी प्रतिनिधिमंडल

बरही प्रखंड कांग्रेस कमेटी के एक प्रतिनिधि मंडल विधायक उमाशंकर अकेला के नेतृत्व में हज़ारीबाग स्थित कांग्रेस कार्यालय में झारखंड सरकार के संसदीय कार्य, ग्रामीण विकास व पंचायती राज विभाग के मंत्री आलमगीर आलम से मुलाकात कर 6 सूत्री मांगपत्र सौपा। मांगपत्र के माध्यम से उन्होंने बताया कि बरही प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में विकास कार्य नहीं होने आम जनता को काफी दिक्कतें हो रही है। 6 सूत्री मांगों में बरही प्रखण्ड के बरही ( कोनरा ) ओल्ड जीटी रोड़ नहर के बड़ी पुलिया से नहर के रोड़ पर तार बंगला , थाना मु. हल्ला , दरगाह मुहल्ला , बीच मुहल्ला , शादी मु. हल्ला मदीना मस्जिद को जोड़ते हुए भाया पटना रोड़ तक कालीकरण एवं 2 किमी लम्बाई का पीसीसी पथ निर्माण, बरही प्रखण्ड के बेन्दगी पंचायत के ग्राम कोईली में जगदीश महतो के घर लेकर मो तस्लिम के तालाब तक 1800 फीट का पक्का नाला निर्माण, बरही प्रखण्ड अन्तर्गत गौरियाकरमा रोहनियां टांड के पीसीसी रोड़ से अब्दुल लतिफ के घर होते हुए बीतकिला आधा किमी लम्बा आरईओ रोड़ तक नाली एवं पीसीसी पथ निर्माण, ग्राम भण्डारों के कालीकरण रोड से टोला इस्लामाबाद के सलामत मियां के घर तक 1300 फीट लम्बा पीसीसी रोड एवं गार्डवाल निर्माण, 7 किमी लम्बा आरईओ रोड डपोक से तिलैया डैम तक रोड़ चौड़ीकरण, ग्राम कोनरा के मदरसा तहफ्फुजे इस्लाम बरही के पीछे खाता नं 40 पर मुस्लिम अवामी तंजीम कोनरा के जमीन पर बहुउद्देशीय भवन का निर्माण आदि शामिल हैं। पत्र के माध्यम से उन्होंने मंत्री आलम से अनुरोध किया है कि उक्त योजननाएँ जनता के लिए हितकारी है। इसलिए उक्त सभी योजनाओं के कार्य कराने का कृपा करें। मंत्री आलमगीर आलम ने मांगों पर गंभीरता पूर्वक संज्ञान में लेते हुए सभी समस्याओं और मांगों पर पहल करने का आश्वासन दिया। प्रति. निधि मंडल में प्रखंड अध्यक्ष इकबाल रजा, जिला महासचिव बिनोद यादव, अब्दुल मनान वारसी, जिला उपाध्यक्ष डo निजामुद्दीन अंसारी, मो गुलाम अजहर, रमजान अंसारी, मो ताजीम आदि शामिल थे।

## एकादश में जागरण का आयोजन, जनप्रतिनिधियों ने फीता काटकर किया उद्घटान

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**



कार्यक्रम का उद्घाटन करते जनप्रतिनिधि व अन्य

बरही प्रखंड अंतर्गत डपोक में ब्रह्मदेव यादव की दादी स्व कमली मोसोमात के एकादश में भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी किशुन यादव एवं बरही पूर्वी जीप प्रति. निधि मो क्यूम शामिल हुए। जनप्रतिनिधियों ने सामूहिक रूप से फ़ीता काटकर कार्यक्रम का उद्घटान किया। मौके पर समाजसेवी किशुन, यादव, मो क्यूम, मुखिया प्रत्याशी अर्जुन रविदास, रोहित यादव, ब्रह्मदेव यादव, प्रकाश यादव, अर्जुन यादव, बिनोद यादव एवं सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

9122222016 बिरेन्द्र कुमार

महालक्ष्मी फर्नीचर

जो सजाए आपके सपनों का घर...

डबल बेड, सिंगल बेड, दीवान, सोफा, कुर्सी, ड्रेसिंग, डाइनिंग टेबल इत्यादि।

सस्ता एवं फैन्सी फर्नीचर का बेहतरीन कलेक्शन




ATM ग्राहक सेवा केन्द्र

पुरहरा मोड, रसोईया धमना, बरही

THE MECHANICS

विक्रम बाइक रिपेयरिंग सेंटर

प्रो० – विक्रम कुमार

हमारे यहां सभी प्रकार का बाइक रिपेयर किया जाता है।



TVS Hero BAJAJ HONDA YAMAHA SUZUKI Lifan ROYAL ENFIELD PIAGGIO Mahindra 2 Wheelers

पता : कोइली मोड़, रसोइया धमना | संपर्क सूत्र :- 6200723851

## परियोजना बालिका उच्च विद्यालय का कायाकल्प, बेहतर शिक्षा व्यवस्था से निजी स्कूलों को दे रहा टक्कर

**अपेम लाइवः कोडरमा**
**धीरज कुमार**



परियोजना बालिका उच्च विद्यालय कोडरमा

सरकारी स्कूल की शिक्षा व्यवस्था, आम धारणा में यहां अव्यवस्था का ही मन में ख्याल उत्पन्न होता है। लेकिन अगर प्रबल इच्छाशक्ति हो तो व्यवस्थाएं दुरुस्त की जा सकती है। कुछ ऐसा ही कर दिखाया है कोडरमा में सरकारी स्कूल ने। परियोजना बालिका उच्च विद्यालय आज मॉडल स्कूल का रूप लेकर बच्चों को बेहतर शिक्षा दे रहा है। साथ ही निजी स्कूलों को टक्कर भी दे रहा। कोडरमा जिला में सरकारी स्कूलों की तस्वीर और तकदीर बदलती नजर आ रही है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ दूसरी गतिविधियों में भी सरकारी स्कूलों के बच्चों को निपुण बनाया जा रहा है। इस दिशा में सरकारी स्कूल निजी स्कूलों को टक्कर देता नजर आ रहा है। कोडरमा में सरकारी स्कूल की शिक्षा व्यवस्था की सूरत बदल रही है। सरकारी स्कूल अब निजी स्कूलों को टक्कर देते नजर आ रहे हैं। कोडरमा में सरकारी शिक्षा व्यवस्था को बेहतरीन बनाने की कवायद लगातार जारी है। इस दिशा में जिला में म०डल विद्यालय बनाने के संकल्प को साकार किया जा रहा है। कोडरमा का परियोजना बालिका उच्च विद्यालय पूरी तरह से म०डल स्कूल के रूप में तब्दील हो चुका है। यहां पढ़ाई के साथ-साथ दूसरी गतिविधियों के लिए जो सु. विधाएं बहाल की गयी हैं वह निश्चित तौर पर निजी स्कूलों को मात देता नजर आ रहा है। कोरोना काल में जहां शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हुई है। वहीं कोड. रमा के स्कूलों में लो कॉस्ट- नो कॉस्ट पर कई सुविधाएं भी बहाल की गयी है। यही वजह है कि सरक. ारी स्कूलों में बच्चों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। हालांकि अब 4 फरवरी से झारखंड के कोविड नियम का पालन के साथ सभी स्कूल खोलने का आदेश दे दिया गया है।

## एकल अभियान चुरचू संच समिति का गठन, सहदेव किस्कू बने अध्यक्ष

**अपेम लाइवः चुरचु**


बैठक मे उपस्थित एकल के सदस्य

बुधवार को चुरचू में एकल अभियान का संच समिति का गठन के लिए भाग अध्यक्ष अभिषेक कुमार के अध्यक्षता में बैठक किया गया। जिसमे संच का कार्य सुचारू रुप से चलने के लिए संच समिति का गठन एवं घोषणा किया गया। गठित संच समिति में हो. रिल शर्मा संच संरक्षक, सहदेव किस्कु संच अध्यक्ष, विकास कुमार गंझू संच उपाध्यक्ष, अजय कु माहतो संच सचिव, चंद्रदेव कुमार शर्मा संच कोषाध्यक्ष, अशोक यादव गौ ग्राम योजना, जय प्रकाश यादव गौ ग्राम योजना, रामसेवक प्रसाद आरोग्य संच संरक्षक, सुखदेव प्रसाद यादव संच संरक्षक, अनिल कुमार यादव संच प्राथमिक शिक्षा अध्यक्ष, ललुंरश सोरेन संच युवा अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। मौके पर प्रदीप कुमार केंद्रीय गौ ग्राम योजना, राजू कुमार पांडेय केंद्रीय गौ ग्राम योजना प्रमुख, ओम प्रकाश कुमार भाग अभियान प्रमुख, कपिल माहतो अंचल अभियान प्रमुख, लक्ष्मी कुमारी संच प्रमुख शामिल थे।

## संत कोलम्बस प्राचार्य डॉ सुशील टोप्पो को परेशान करना बंद करें विभावि : आदिवासी छात्र संघ

### आदिवासी छात्र संघ के अध्यक्ष विक्की कुमार धान प्राचार्य से मिल जानी उनकी समस्या

**अपेम लाइवः हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**



आदिवासी छात्र संघ के विनोबा भावे विश्वविद्यालय अध्यक्ष विक्की कुमार धान ने संत कोलंबस क०लेज के प्राचार्य डॉ सुशील टोप्पो से मुलाकात कर उनके उपर लगाए गए आरोप व कुल. पति के साथ विवाद के विषय वस्तु पर उनके पक्ष को जनने की कोशिश की , प्राचार्य डॉ सुशील टोप्पो ने बताया की विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जानबूझकर उन्हें तंग किया जा रहा है ताकि वह पद से हट जाए , और साथ में यह बतलाया की पहले भी उनके उपर जांच बैठाई गई थी जिसमें किसी भी तरह की अनियमितता नहीं पाई गई , क्योंकि यह अल्पसंख्यक मान्यता प्राप्त महाविद्यालय है इनका संचालन व कार्य विधि आंतरिक व्यवस्था है जिसके तहत महाविद्यालय का संचालन होता है महाविद्यालय की आंतरिक अपनी व्यवस्था होती है उसमें भी विश्वविद्यालय की दखलअंदाजी दिया जाता है , विश्वविद्यालय प्रशासन के द्वारा इसी विवाद में पर प्राचार्य सुशील टोप्पो को तंग किया जा रहा है यदि किसी भी तरह की अनियमितता बरती गई तो जांच को उजागर कर दोषी को दंडित क्यों नहीं किया जा रहा है , विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा मौखिक आरोप प्रत्यारोप क्यों किया जा रहा है , आदिवासी छात्र संघ मांग करती है कि संत कोलंबस महाविद्यालय के प्राचार्य जो अल्पसंख्यक और आदिवासी भी है उनके ऊपर पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर उनके उपर कार्यवाही नहीं किया जाए

## झारखण्ड सेंट्रल पब्लिक स्कूल में सादगी से मनाया स्थापना दिवस

**अपेम लाइवः कोडरमा**
**धीरज कुमार**



स्थापना दिवस मनाते स्कूल के प्रचार्य

सतगावां प्रखंड के रामडीह में बुधवार को झारखण्ड सेंट्रल पब्लिक स्कूल का 20वां स्थापना दिवस सादगी के साथ मनाया गया। सर्व प्रथम विद्यालय के निदेशक सह पासावा कोडरमा के सहकोषाध्यक्ष अभय कुमार ने विद्यालय में पूजा अर्चना किये और प्राइवेट स्कूल्स एण्ड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन सतगावां के अध्यक्ष अजय कुमार, संरक्षक सुनिल कुमार सिन्हा एवं सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप भारत के प्रथम सी डी एस शहीद विपिन रावत के तस्वीर पर पुष्प व माला से श्रद्धासुमन श्रद्धांजलि अर्पित किये स कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि पा. सावा कोडरमा जिलाअध्यक्ष डॉ बी. एन.पी वर्णवाल एवं संरक्षक ओम प्रकाश राय ने ऑनलाइन केक काटकर किया। डॉ वर्णवाल ने विद्यालय खुलने पर हर्ष जताई और कोडरमा जिला प्रधान शालिनी गुप्ता व विधायक अमित यादव के प्रति आभार व्यक्त किया और झारखण्ड सरकार को विशेष रूप बधाई दिए। विद्यालय के निदेशक अभय कुमार ने सम्बोधित करते हुए कहा कि बाइस महीनों के बाद विद्यालय खुला है। आज पुरा विद्यालय परिवार खुशी महसूस कर रहा है। क्योंकि शिक्षा जगत काफी लम्बे समय तक बंद रहा जिससे हमारे बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ा। विद्यालय बंद रहने से बच्चों की पढ़ाई में जो कमी हुई है उसे पुरा करने के लिए मै और मेरे सहयोगी शिक्षक भरपूर प्रयास करेंगे। मौके पर साई प्रेरणा आवासीय विद्यालय के प्रधानाचार्य कुमार रविकांत, सीनियर मॉडल पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य भुनेश्वर प्रसाद यादव, नेशनल पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य भानु कुमार, विकास कुमार, अभिभावक सह वरिष्ठ समाजसेवी रंजीत सिंह, प्रहलाद सिंह ,सुनील सिंह, धीरज कुमार, ललन विश्वकर्मा ,सोनू कुमार, राजा बाबू ,शंकर कुमार ,ओम प्रकाश राय आदि उपस्थित थे।

## मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो घायल

**अपेम लाइवः कोडरमा**
**धीरज कुमार**

सतगावां थाना क्षेत्र के ईटाय मोड़ के समीप गुरुवार को मोटरसाइकिल दूर्घटना मे दो व्यक्ति घायल हो गया।घायलों में विसनीडीह निवासी फुलचंद कुमार उम्र 20वर्ष पिता सुभाष सिंह व सदानंद सिंह उम्र 46वर्ष का नाम शामिल हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार मोटरसाइकिल पर सवार वेलोग अपने घर से बासोडीह की ओर आ रहे थे। की आचानक ईटाय मोड़ के समीप एक बकरी मोटरसाइकिल के चपेट में आ गई। जिससे मोटरसाइकिल सवार दोनों गिर गए। जिन्हें ग्रामीणों के सहियोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सतगावां लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद कोड. रमा रेफर की गई।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## राजपुर थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक

### सरस्वती पूजा में नहीं निकलेगा जुलूस,और जुलूस में नहीं बजेगा डीजे : सीओ

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



राजपुर थाना परिसर में गुरुवार को सरस्वत्ति पूजा को शांति और सौहार्द रूप से मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड विकास पदाधिकारी हुलास महतो एवं संचालन इंस्पे. क्टर सुधीर कुमार चौधरी ने किया।बैठक में थाना क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधि, बुद्धिजीवी,एवं सामाजिक एवं राजनीतिक पार्टियों के लोग शामिल हुए।बैठक में सभी पंचायत के उपस्थित प्रतिनिधियों ने अपनी अपनी पूजा समितियों के बारे में बताया।बी डी ओ हुलास महतो ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पूजा सौहार्द और शांति से मनाने की त्योहार है।पूजा में कोविड 19 का अनुपालन जो सरकार के निर्देश है उसका पालन करें।तथा पूजा शनिवार को खत्म होगा और रविवार तथा सोमवार शाम तक मूर्ति विशरजन कर देना है।जो सोमवार को शाम करेंगे वैसे कमिटियों पर कार्रवाई किया जाएगा।वही इन्स्पेटर सुधीर कुमार चौधरी ने कहा कि सरस्वत्ति पूजा को लेकर शराब बनाने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा।पूजा के दौरान बाजार हाट में शराब एवं हड़िया मड़इया के खिलाफ अभियान चलाकर नष्ट किया जाएगा।मौके पर थाना के ए एस आई बिरेन्द्र ठाकुर,राजेश शर्मा,विजय सिंह, मुखिया बैजनाथ सिंह भोक्ता,भाजपा प्रखण्ड अध्यक्ष सतीश सिंह,समीत केशरी, राजेश दास, मो.शेरशाह सहित दर्जनों लोग शामिल हुए।

## राजपुर थाना के नए प्रभारी बने विकास पासवान

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



राजपुर के नए थाना प्रभारी विकास पासवान को बनाया गया।थाना का प्रभार मिलते ही नए थाना प्रभारी विकास पासवान ने कहां की पूर्व में भी मुझे राजपुर थाना का प्रभार सौपा गया था और मैं अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी और निष्ठा पूर्वक करता आया हु और इस बार पुनः मुझे एक बार राजपुर थाना का प्रभार मिला है तो मेरी पहली प्राथमिकता , ''प. ीपुल्स फ्रेंडली पुलिसिंग रहेगी। अपराधियों के बीच पुलिस का खौफ और कानून के प्रति सम्मान पैदा करना मेरा उद्देश्य है। जन सामान्य का सहयोग लेते हुए अपने कर्तव्य-पथ पर अग्रसर रहूंगा।और कहां की लोग गलत राह को छोड़ अच्छे कामो में लगे क्योंकि गलत करने वाले का परिणाम गलत होता है।

## विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा को अंतिम रूप देने में जुटे कलाकार

### प्रखंड में मां शारदे वसंत पंचमी पूजा को लेकर तैयारियां जोरों पर पूजा कलं

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



सरस्वती की प्रतिमा को रंग रोगन करते कलाकार

विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा को अंतिम रूप देने में प्रखंड भर के कलाकार जुट गए हैं बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में रंग बिरंगी आकर्षक मूर्तियां तैयार की जा रही है। मां शारदे बसंत पंचमी की पूजा की तैयारी में लोग जोर शोर से की जा रही है। विशेषकर लगभग ढाई वर्षो के बाद संपूर्ण रूप से खुले स्कूल क०लेजों एवं शिक्षण संस्थानों में तैयारियां देखी जा रही है। कलाकारों के द्वारा मां शारदे की मूर्तियों को अंतिम रूप देने का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा पूजा पाठ व सजावट की सामग्रियों की दुकानें सज कर तैयार हो गई है। प्रखंड के बड़कागांव बादम हरली बिश्रामपुर, चोपदार बलिया, सांड़, नापोखुर्द, महुगाई कला, तलसवार गोंदलपुरा, सीकरी, जुगरा ,बरवाडीह, डाड़ीकला, के अलावा प्रखंड के कई गांव में बसंत पंचमी मां शारदे की पूजा की तैयारी जोर शोर से की जा रही है। पूजा की मुहूर्त को लेकर बड़कागांव राधे श्याम मंदिर पुजारी सतीश चंद्र मिश्रा ने कहा कि सुबह 8रू00 बजे से लेकर शाम 5रू00 बजे तक पूजा के शुभ मुहूर्त है। इस समय अवधि में पूजा करने का फल प्राप्त होता है।

## माले कार्यकर्ता सदस्य पिता का निधन

**अपेम लाइव**
**बिरनी /गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**



भाकपा माले बिरनी के प्रखंड कमिटी के सदस्य विष्णुदेव वर्मा के पिता जी का गुरुवार सुबह 7 बजे निधन हो गया। सूचना पाकर माले जिला कमिटी के सदस्य रामु बैठा एवं इनौस जिला कमिटी के सभी नेता राजेश कु विश्वकर्मा, विक्रम आनंद र०य, सीताराम पासवान, सूरजदेव तुरी, इरफान अंसारी, इकबाल अंसारी, कमरुल अंसारी, राजेन्द्र यादव, एवं महेंद्र दास आदि दर्जनों नेताओ ने पहुँच कर दिवंगत आत्मा के शांति के लिए प्रार्थना किया तथा शोकाकुल परिवार का ढाढ़स बंधाया ।

## डीसी एवं एसपी के नेतृत्व में पोस्ता अभियान के लिए कसी कमर

### पोस्ता की खेती विनिष्टिकरन कर माफियाओं को तोड़ी कमर

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**





जिला प्रशासन उपायुक्त अंजली यादव एवं आरक्षी अधीक्षक राकेश रंजन के दिशा निर्देश में राजपुर थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती जंगली इलाको में दो दिनों में लगभग चालीस एकड़ जमीन पर लगे पोस्ता की तैयार पौधे को अभियान चलाकर नष्ट किया गया।जिसका नेतृत्व चतरा एस डी पी ओ अविनाश कुमार एवं सिमरिया एस डी पी ओ अशोक प्रियदर्शी एवं वन विभाग कर रहे हैं।अभियान में मंगलवार एवं बुधवार को लगातार अभियान चलाकर लगभग चालीस एकड़ जमीन लगे पोस्ता के फसल को नष्ट किया गया।बताते चलें कि राजपुर वन क्षेत्र के दजनो गांवों में बड़े पैमाने पर पोस्ट की खेती की गई है।ऊक्त बड़े पैमाने पर लगाए गए पोस्ता को विनिष्टि करण को लेकर उपायुक्त एवं आरक्षी अधीक्षक ने टीम गठित कर अभियान चलाया जा रहा है।जिसमे जिला बल,सी आर पी एफ वन विभाग दो अंचल अधिकारी,कई मजिस्ट्रेट को विनिष्टि करण के लिए नियुक्त किया गया है।अभियान में पोस्ता को नष्ट करने के लिए आधा दर्जन ट्रेक्टर एवं जे सी बी से नष्ट किया जा रहा है। अब जिला प्रशासन नहीं बख्शेगी अफीम माफियाओं कोरू- जिला प्रशासन ने जिले से सफेद जहर के खिलाफ अभियान छेड़ रखी है।और पोस्ता की खेती करने वाले बख्से नहीं जाएंगे। पोस्ता की खेती को जड़ से मिटाने के लिए जिला प्रशासन कृत संक. ल्पित है।पोस्ता के खिलाफ अभियान पगातार जारी रहेगा और खेती करने वाले और माफियाओं पर मुक. दमा भी किया जाएगा। अभियान के दौरान मजिस्ट्रेट की टूटी पैररू- पोस्ता अभियान के दौरान अभियान में शामिल और नियुक्त मजिस्ट्रेट कान्हाचट्टी गोदाम प्रबंधक सौकत सरवर की पैर भी टूट गया।सौकत को पुलिस कर्मियों एवं राजस्व कर्मचारी एवं एक अन्य मजिस्ट्रेट के माध्यम से टांग कर लाया गया। अभियान चलाकर जिला प्रशासान ने पोस्ता अफीम माफियाओं की तोड़ी कमररू-अफीम माफियाओं ने जिस तरह से निडर और निर्भय होकर पोस्ता की खेती कर और करवा रहे थे जिला प्रशासन अब उन माफ़ियाओए से शख्ती से निपटने के लिए पोस्ता विनिष्टि करण अभियान चलाकर पोस्ता और अफीम माफियाओं की कमर ही तोड़ डाली।राजपर थाना क्षेत्र में अब अफीम माफियाओं को जिला प्रशासन बख्शने की मुड़ में नहीं है। अभियान में ये लोग हुए सामिल -पोस्ता विनिष्टि करण में मुख्य रूप से कान्हाचट्टी बी डी ओ सह सी ओ हुलास महतो,इटखोरी सी ओ,रा. जपुर के नव नियुक्त थाना प्रभारी विकास पासवान,गिधौर थाना प्रभारी संजय सिंह,राजस्व कर्मचारी अभय रंजन,सी आर पी एफ,जिला बल,वन विभाग के कर्मी एवं चौकीदार शामिल है ।

## ग्रेट इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस ने मनाया स्थापना दिवसं

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



संस्थान के स्थापना दिवस पर मौजूद विद्यार्थी

ग्रेट इंडियन इंस्टिट्यूट अ०फ़ साइंस के द्वारा बुधवार को 7वां स्थापना दिवस मनाया गया। आज ही के दिन 2 फरवरी 2015 को ग्रेट इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस का स्थापना दो भाई सुनील कुमार, प्रदीप कुमार महतो और उनके सभी दोस्त के सहयोग से स्थापित किया गया था। संस्थान के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि वनरक्षी श्याम कुमार ने बताया कि शिक्षा ही एक ऐसा है, जो मनुष्य को सही दिशा पर ले जाता है। शिक्षा के बिना हम सब अपने जीवन को बेहतर नहीं बना सकते हैं। अतः हम सबों को शिक्षा लेना बहुत ही जरूरी है। संस्थान के संस्थापक सह निदेशक सुनील कुमार ने कहा कि मनुष्य को जीवन के लिए तीन आवश्यक चीजें रोटी, कपड़ा और मकान है। परंतु आज के समय में चार आवश्यक चीजें रोटी, कपड़ा, मकान और एक अच्छी शिक्षा है। एक अच्छी शिक्षा से मनुष्यों में संस्कार मिलती है। हमारा संस्थान एक अच्छी शिक्षा ही नहीं बल्कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी देने का कार्य कर रही है। संस्थान के निदेशक व संस्थापक प्रदीप कुमार महतो ने कहा कि हमारे संस्थान में गुणवत्तापूर्वक शिक्षा दी जाती है। हमारे संस्थान के द्वारा जेईई मेन, एडवांस ,नीट तथा सभी सामान्य प्रतियोगिता परीक्षा जैसे एसएससी, जेटेट, रेलवे ,जेपीएससी, यूपीएससी इत्यादि का तैयारी भी करवाई जाती है। मेधावी छात्रों के लिए स्क०लरशिप टेस्ट के माध्यम से मुफ्त शिक्षा देने का भी कार्य करती है। स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर संस्थान के शिक्षक संजय कुमार कुशवाहा, राजेश कुमार महतो, चंद्रदेव कुमार, अखिलेश महतो तथा सभी 11वीं और 12वीं के सभी विद्यार्थी मौजूद थे।

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## परवल की उन्नत तरीके से खेती करने का तरीका सिखा रहे हैं बड़कागांव के प्रवीण कुमार

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



मौके पर उपस्थित किसान प्रवीण कुमार एवं अन्य किसान

परवल सब्जी एक कद्दूवर्गिया फसल है यह बहुवर्षीय पौधा है। जिसके नर तथा मादा फूल अलग –अलग पौधे पर आते है। इसकी खेती कर कृषक अधिक लाभ अर्जित कर सकते है। इसका उपयोग सब्जी के रूप में किया जाता है। आमतौर पर परवल की खेती वर्ष भर की जाती है। ये बिहार, पश्चिम बंगाल, पूर्वी उत्तर प्रदेश में सामान्य तौर पर उगाई जाती है वहीं राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, असम और महाराष्ट में भी उगाई जाती है। परवल में विटा. मिन भरपूर मात्रा में पाया जाता है। इसकी मांग भी बाजार में अधिक है।परवल सब्जी उगाने के लिए माना जाता है की झारखंड की मिट्टी और जलवायु परवल के लिए अनुकूल नहीं है। परंतु इस धारणा को नकारते हुए बड़कागांव के प्रवीण कुमार ने परवल की खेती कर समाज को यह बता दिया कि अगर लगन व जज्बा हो तो कोई काम असंभव नहीं है। इनकी उपलब्धियों की चर्चा हजारीबाग जिले ही नहीं बल्कि संपूर्ण झारखंड में है। झारखंड के विभिन्न जिले एवं प्रखंडों से किसान बड़कागांव आकर प्रवीण कुमार से परवल उगाने की तरीके सीख रहे हैं इसी क्रम में गुरुवार को बरकट्ठा एवं टाटीझरिया से दर्जनों किसान बड़कागांव पहुंचकर प्रवीण कुमार के खेतों को देख परवल की खेती करने के तरीके को जाना वही प्रवीण कुमार ने विस्तार पूर्वक इसकी खेती को लेकर संपूर्ण जानकारी दूसरे प्रखंडों से बड़कागांव पहुंचे किसानों किसानों को दिया। साथ ही 400 पौधे भी आए हुए किसानों को दिया। मौके पर बिष्णुगढ़, बरकट्ठा एवं टाटीझरिया से आए हुए किसानों में सुरेश राम, दुर्गा सिंह, सुरेंद्र किसकु, रो. बिन कुमार, ईश्वर दयाल महतो, राहुल कुमा, बाबू राम मांझी, फागु मुर्मू, लालजी सोरेन सोबरन बास्के, अशोक मुंडा, विजय सिंह, महेश मांझी, अजीत मुर्मू, प्रसादी सिंह, बबुनी सिंह, बोधी सिंह, बाबूलाल मांझी के अलावा दर्जनों किसान मौजूद थे।

## पशुधन योजना के तहत मिली है गायें फिर भी पशुशेड का नही मिल रहा है लाभ

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**




गावां प्रखण्ड अंतर्गत अमत. रो पंचायत के घोसी गांव में कुछ लाभुकों को पशुधन योजना के तहत गायें मुहैया की गई है लेकिन उन गायों को रखने के लिए पशुशेड की योजना के लिए लाभुकों को कई बार मुख्यालय का चक्कर काटने पड़ रहे है फिर पशुशेड का लाभ नही मिल पा रहा है। ग्रामीणों का कहना है पशुधन योजना के तहत मिले गाय को देखने के लिए बीडीओ उक्त स्थल पर गए और उन्हें आश्वासन भी दिया गया कि जिन लाभुकों को पशुधन योजना का लाभ मिला है वो कार्यालय में आकर मिल लें उन्हें पशुशेड भी दिया जाएगा। जब ग्रामीणों ने कार्यालय पहुंचा और पशुशेड कि मांग किया तो बीडीओ पशुशेड देने से साफ इंकार कर गया। घोसी निवासी दिलीप कुमार ने बताया कि अमतरो पंचायत के पंचायत सेवक राजेन्द्र पंडित ने पशुशेड के नाम पर पांच हज़ार रुपये भी लिए इसके बावजूद भी उन्हें पशुशेड नही दिया गया। उन्होंने बताया कि पशुशेड नही रहने से ठंड के कारण बछड़े की मौत भी हो गयी हैस इधर प्रभारी बीडीओ संतोष प्रजापति का कहना है कि आरोप बेबुनियाद है। सभी लाभुको को पशुशेड दिया जाएगा, हमने सभी लाभुको की सूची रोजगार सेवक से मांगे है उसके बाद जल्द ही कार्य किया जाएगा। वही पंचायत सचिव राजेन्द्र पंडित से संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन सम्पर्क नही हो सका है।









दिनांक: 03-02-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## मूलवासी आदिवासी संघर्ष समिति ने किया आंदोलन का आह्वान

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



बैठक में शामिल मूलवासी आदिवासी संघर्ष समिति के लोग

मूलवासी आदिवासी संघर्ष समिति के तत्वाधान में गुरुवार को विष्णुगढ़ इंटर कॉलेज परिसर में बैठक की गई। बैठक में प्रखंड के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इसकी अध्यक्षता जिप सदस्य जयप्रकाश सिंह पटेल एवं संचालन सारूकुदर पूर्व मुखिया उत्तम कुमार ने किया। बैठक में भाषा अतिक्रमण एवं 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीय एवं नियोजन नीति परिभाषित करने पर चर्चा की गई। कहा गया कि झारखंड अलग राज्य अस्तित्व में आने के 22 वर्ष हो गए। सत्ता पर सभी दलों की भागीदारी रही। इसके बा. वजूद आज तक स्थानीय एवं नियोजन नीति नहीं बन पाई। इससे झारखंड के युवा छले जा रहे हैं। स्थानीय नौकरियों में बाहरी लोगों को बहाल किए जाने का रास्ता खोला गया है। वर्तमान सरकार ने भी इसे पूरा करने का वादा किया था। कहा कि जब तक राज्य में 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीयता एवं नियोजन नीति परिभाषित नहीं होती है, तब तक विरोध जारी रहेगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 11 फरवरी को भाषाई अतिक्रमण एवं 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति परिभाषित करने को लेकर व्यापक आंदोलन किया जाएगा। इंटर कॉलेज परिसर से जुलूस निकाल कर पूरे विष्णुगढ़ का भ्रमण करते हुए रमुवां मंदिर प्रांगण पहुंचकर विशाल जनसभा होगी। इसमें प्रत्येक पंचायतों से भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। मौके पर प्रेमचंद महतो, रा. जेन्द्र महतो, जानकी महतो, कैलाश महतो, तालेश्वर महतो, तिलेश्वर महतो, दीपक कुमार, शंकर महतो, तुलसी महतो, भेखलाल महतो, प्रितम महतो, गुलाब शंकर महतो, सरयू पटेल, पंचम महतो समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## जबरन चंदा वसूली तथा डीजे का उपयोग करने पर होगी कार्रवाई

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



सरस्वती पूजा को लेकर गुरुवार को विष्णुगढ़ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में दोनों समुदाय से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इसकी अध्यक्षता सीआई सतीश कुमार व संचालन थाना प्रभारी जगलाल मुंडा ने किया। थाना प्रभारी ने प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइन को लोगों के बीच रखकर इसे अमल करने की अपील की। कहा कि सरस्वती पूजा के नाम पर जबरन चंदा उगाही गैर कानूनी है। इसकी शिकायत पर संबंधित क्लब के पदाधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा पूजा के दौरान किसी भी हाल में डीजे का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। डीजे के सभी उपकरण जब्त कर लिए जाएंगे। पूजा के दूसरे दिन में शाम छह बजे तक हर हाल में प्रतिमा का विसर्जन स्थानीय नदी या तालाब में करना अनिवार्य होगा। विसर्जन जुलूस के दौरान शराब या अन्य मादक पदा. र्थ का सेवन कर उन्माद फैलाने वाले असामाजिक व शरारती तत्वों की पहचान कर सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जाएगा। किसी की पैरवी नहीं सुनी जाएगी। बैठक में उपप्रमुख सुशील मंडल, महताब हुसैन, अब्बास अंसारी, विशेश्वर स्वर्णकार, गिरजा साव, राजू श्रीवास्तव, सुनील अकेला, कैलाश महतो, जानकी शर्मा, महेश यादव समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## विष्णुगढ़ में मनरेगा के नए बीपीओ ने संभाला पदभार

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



नए बीपीओ राजमोहन वर्मा

प्रखंड में मनरेगा के नए बीपीओ के रूप में रा. जमोहन वर्मा ने गुरुवार को पदभार ग्रहण किया। जनप्रतिनिधियों एवं मन. रेगाकर्मियों ने उनका स्वागत किया। बीपीओ रा. जमोहन वर्मा ने कहा कि वे अपने दायित्वों को पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे। मनरेगा के तहत संचालित कार्यों को सुचारु रूप से चलाना उनकी प्राथमिकता होगी। बतौर बीपीओ इससे पहले वे बिरनी, बेंगाबाद, बगोदर, राजधनवार एवं टाटीझरिया प्रखण्ड मे अपनी सेवा दे चुके हैं। मौके पर झामुमो नेता महताब हुसैन, रंजीत कुमार, मनरेगा तकनीकी सहायक सुनील कुमार, रोजगार सेवक समेत कई लोग मौजूद थे।

## पारा शिक्षक संघ बड़कागांव ने मृत एवं बीमार पारा शिक्षकों के परिजनों को आर्थिक सहयोग किया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



आर्थिक सहयोग सौंपते पारा शिक्षक प्रखंड अध्यक्ष शमशेर आलम व अन्य

बड़कागांव एकीकृत पारा शिक्षक संघ प्रखंड इकाई बड़कागांव के द्वारा प्रखंड अध्यक्ष शमशेर आलम के नेतृत्व में मृत पारा शिक्षक एवं बीमार पारा शिक्षकों की स्वजनों को आर्थिक सहायता राशि सौंपी। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष शमशेर आलम ने कहा कि कोरोना काल में प्रखंड के 3 पारा शिक्षकों की निधन हो गई थी। आगे उन्होंने कहा कि शोकाकुल पीड़ित परिवार के साथ संग हमेशा खड़ा रहेगी। और जानकारी दी कि तत्काल दिवंगत पारा शिक्षक मनोज गिरी के परिजन को 15000, आनंद महतो के परिजन को 15000 और सुनील कुमार के परिजन को 15000 की राशि सौंपी गई। वहीं कई दिनों से बीमार रह रहे बादम निवासी पारा शिक्षक खिरा. धर ठाकुर से संघ के सदस्यों ने मिलकर हालचाल जाना और उन्हें भी इलाज हेतु 15000 आर्थिक सहयोग किया। मौके पर मुख्य रूप प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद शमशेर आलम, सीआरसी अध्यक्ष रंजीत सिन्हा, नरेश यादव, कर्पूरी ठाकुर, जलाल सगीर,अवध किशोर यादव, महेंद्र महतो, पुनीत कुमार, वासुदेव गंजू, और अफाक अहमद सहित कई पारा उपस्थित थे।

## झामुमो के पटना पंचायत कमिटी का हुआ पुनर्गठन, सफदर को अध्यक्ष और साबिर को बनाया गया सचिव

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गांवां प्रखण्ड अंतर्गत पटना पंचायत में गुरुवार को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के पंचायत कमिटी का पुनर्गठन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गांवा 20 सूत्री अध्यक्ष सह झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष अजय सिंह उपस्थित हुए। उन्होने हेमन्त सोरेन सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि अब तक इस सरकार का कार्यकाल बहुत ही बेहतर रहा है और आशा है कि ऐसी तरह बेहतर कार्य करते रहेंगे। पटना पंचायत झामुमो कमिटी के पुनर्गठन में सर्वसम्मति से सफदर आलम को अध्यक्ष एवं हाजी यूनुस को उपाध्यक्ष बनाया गया। वही सचिव के रूप में मो साबिर आलम और मोहम्मद आलम को कोषाध्यक्ष चुना गया। नवचयनित सभी पदाधिक. ारियों को 20 सूत्री अध्यक्ष अजय सिंह ने माला पहना कर शुभकामनाएं दी। मौके पर मोहम्मद मंसूर आलम, मोहम्मद मोइनुद्दीन, मो. हम्मद तसलीम, शहादत मियां, स्माइल मियां, मुशर्रफ हुसैन, निसार अहमद, अंसार आलम, समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे

## शॉर्टसर्किट से लगी घर मे आग लाखो रुपये के समान जलकर हुआ राख

**अपेम लाइव**
**बिरनी /गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड के सरंडा गांव में एक घर मे बीते मंगलवार की रात्री लगभग बारह बजे रात शॉर्टसर्किट आग लगने से घर के साथ साथ पूरा समान जलकर राख हो गया।जानकारी अनुसार घटना सरंडा गांव निवासी गुली सिंह के सभी परिवार गहरी नींद में सोये हुवे थे कि शॉर्टसर्किट से घर मे आग लग गई इसकी जानकारी घर के एक सदस्य को लगी और आनन फानन में घर के सभी लोगो को जगाया ओर घर के बाहर निकलकर सभी लोगो ने अपनी जान बचाई । इस घटना में कच्चा मकान के साथ घर मे रखे चावल धान कपड़ा बर्तन कागजात समेत सभी सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित परिवार आ. समान के नीचे सड़क पर आ गया है। आग पर काबू पाने के लिए स्थानीय ग्रामीणों ने को काफी मसक्त करनी पड़ी। इस घटना को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारी से पीड़ित परिवार को मदद के लिए गुहार लगाया है। इस अवसर पर समाज सेवी सतेंद्र राउत दुलारचंद वर्मा नारयण यादव शंकर रवानी सुनील सिंह गुजर सिंह महेंद्र सिंह समेत स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

## पूर्व आईजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह ने गरीबों के बीच बांटे कम्बल

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गांवां प्रखण्ड अंतर्गत मंझने पंचायत के चिहुटिया गांव में गुरुवार को पूर्व आईजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह ने गरीबों के बीच कम्बल का वितरण किया। इस दौरान लक्ष्मण सिंह ने कहा कि गांव के हर कोने कोने के गरीब और असहाय व्यक्तियों की मदद करना हमारा लक्ष्य है। कहा कि मानव सेवा ही इस दुनियां में सबसे सर्वश्रेष्ठ काम है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि श्रीराम यादव, विधायक प्रतिनिधि मुन्ना सिंह, बिनोद अमरदीप निराला, मिस्टकार, सौदागर साव, चौधरी, अंकज सिंह समेत सुरेंद्र यादव, राजेन्द्र दर्जनों कार्यकर्ता सामिल थे।

APEM LIVE